पंचदश

बिहार विधान-सभा

चतुर्थ सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 18 अग्रहायण, 1933 (श०) / 09 दिसम्बर, 2011 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—03

(1) योजना एवं विकास विभाग	..	..	01
(2) ऊर्जा विभाग	..	..	01
(3) स्वास्थ्य विभाग	..	..	01
		कुल योग ..	03

रिक्त पदों को भरना

22. अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में चिकित्सक के स्वीकृत 8214 पदों के विरुद्ध नियमित एवं अनुबंध मिलाकर 4200 चिकित्सक तथा नर्सों के स्वीकृत 4500 पद के विरुद्ध मात्र 2300 नर्से काम कर रही हैं, जिसके कारण 24 घंटे की निर्बाध चिकित्सा सेवा देने में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो रिक्त पड़े नर्स एवं चिकित्सकों के पदों को भरने के लिए सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

गठन करना

23. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विधायक/विधान पार्षद विकास कोष योजना को समाप्त कर वित्तीय वर्ष 2011-12 में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना लागू किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना का क्रियान्वयन लोकल एरिया इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा किया जाना है किन्तु अबतक किसी भी जिला में उक्त ऑर्गनाइजेशन का गठन नहीं किया गया है जिसके कारण मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत चयनित योजना का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रत्येक जिला में लोकल एरिया इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशन का गठन कर मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजनाओं का क्रियान्वयन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाना

24. श्री अजीत कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रति वर्ष दो लाख नया विद्युत उपभोक्ता पंजीकृत होते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि मार्च, 2010 से उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि के बावजूद राज्य में कहीं भी एक भी अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर विद्युत बोर्ड द्वारा नहीं लगाया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाए जाने के कारण विद्युत बोर्ड को डेढ़ वर्षों में दो करोड़ का राजस्व का क्षति हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करने तथा राजस्व की हानि रोकने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना:
दिनांक 9 दिसम्बर, 2011 (ई०)।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 65-डी०टी०पी०--450